जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

टी.बी.सी. : **BTS–U–GHYT**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम संख्या

0303617

परीक्षण पुस्तिका

सामान्य योग्यता एवं बुद्धिमत्ता

A

समय : दो घण्टे

पूर्णांक : 250

अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. कृपया ध्यान रखें कि **OMR** उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **125** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

***Note* : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.**

1. एक प्रकाशीय तंतु के माध्यम से प्रकाश संकेत के संचरण के लिए उत्तरदायी प्रकाशीय परिघटना है

(a) व्यतिकरण

(b) प्रकीर्णन

(c) पूर्ण आंतरिक परावर्तन

(d) अपवर्तन

2. प्रकाशीय सूक्ष्मदर्शी के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. सूक्ष्मदर्शी में नेत्रिका और अभिदृश्यक दोनों ही उत्तल लेन्स होते हैं।
2. सूक्ष्मदर्शी का आवर्धन, अभिदृश्यक की फोकस दूरी के बढ़ने के साथ बढ़ता है।
3. सूक्ष्मदर्शी का आवर्धन, सूक्ष्मदर्शी नलिका की लम्बाई पर निर्भर करता है।
4. सूक्ष्मदर्शी की नेत्रिका एक अवतल लेन्स होती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1 और 3

(b) केवल 3

(c) 3 और 4

(d) 1, 2 और 4

3. निम्नलिखित में से किस रत्न में बेरिलियम धातु होती है?

(a) पुखराज

(b) पन्ना

(c) पद्मराग (माणिक्य)

(d) नीलम

4. किसी द्रव पर वायुमंडलीय दाब कम करने पर

(a) द्रव का क्वथनांक बढ़ जाता है

(b) द्रव का क्वथनांक कम हो जाता है

(c) द्रव के क्वथनांक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है

(d) इसके उबलने के लिए आवश्यक समय में वृद्धि हो जाती है

5. $4d$ कक्षक के लिए कोणीय और त्रिज्य पार्तो (नोड) की संख्या होती है, क्रमशः

(a) 2 और 1

(b) 1 और 2

(c) 3 और 1

(d) 4 और 0

6. स्तनधारियों की कोशिकाओं में प्रोटीन के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) स्तनधारियों की कोशिकाओं में प्रोटीन का संश्लेषण कोशिका झिल्ली में होता है।

(b) स्तनधारियों की कोशिकाओं में प्रोटीन का संश्लेषण कोशिका झिल्ली में नहीं होता, बल्कि यह खाद्य से सीधे ही अवशोषित होता है।

(c) स्तनधारियों की कोशिकाओं में प्रोटीन का संश्लेषण रुक्ष अंतर्द्रव्यी जालिका में होता है।

(d) स्तनधारियों की कोशिकाओं में प्रोटीन का संश्लेषण गॉल्जी तंत्र (उपकरण) में होता है।

1. The optical phenomenon that is responsible for the propagation of light signal through an optical fibre is

   (a) interference

   (b) scattering

   (c) total internal reflection

   (d) refraction

2. Which of the following statements about optical microscope is/are correct?

   1. Both the eyepiece and objective of a microscope are convex lenses.
   2. The magnification of a microscope increases with increase in focal length of the objective.
   3. The magnification of a microscope depends upon the length of the microscope tube.
   4. The eyepiece of a microscope is a concave lens.

   Select the correct answer using the code given below.

   (a) 1 and 3

   (b) 3 only

   (c) 3 and 4

   (d) 1, 2 and 4

3. Which one of the following gemstones contains beryllium metal?

   (a) Topaz

   (b) Emerald

   (c) Ruby

   (d) Blue sapphire

4. Lowering the atmospheric pressure on a liquid

   (a) increases the boiling point of the liquid

   (b) lowers the boiling point of the liquid

   (c) does not affect the boiling point of the liquid

   (d) increases the time required for it to boil

5. The number of angular and radial nodes for $4d$ orbital is respectively

   (a) 2 and 1

   (b) 1 and 2

   (c) 3 and 1

   (d) 4 and 0

6. Which one of the following statements about proteins in mammalian cells is correct?

   (a) Proteins in mammalian cells are synthesized in cell membrane.

   (b) Proteins in mammalian cells are not synthesized in cell membrane but directly absorbed from food.

   (c) Proteins in mammalian cells are synthesized in rough endoplasmic reticulum.

   (d) Proteins in mammalian cells are synthesized in Golgi apparatus.

7. पादपों में अभिगमन क्रियाविधि के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) कोशिका झिल्ली के आर-पार आयनों और छोटे अणुओं के विसरण के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है।

(b) कोशिका झिल्ली के आर-पार सांद्रण प्रवणता के विपरीत आयनों और छोटे अणुओं के सक्रिय अभिगमन के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है।

(c) कोशिकाएँ ऊर्जा को संरक्षित रखती हैं और सांद्रण प्रवणता के विपरीत आयनों और छोटे अणुओं के अभिगमन के लिए कोई ऊर्जा आवश्यक नहीं होती है।

(d) कोशिकाएँ अपनी झिल्ली के आर-पार आयनों का अभिगमन नहीं करती, क्योंकि ये आवेशित अणु होते हैं।

8. यदि एक सरल लोलक के दोलन का आयाम बहुत छोटा है, तो इसका दोलन-काल

1. लोलक की लम्बाई L पर निर्भर होता है
2. गुरुत्वीय त्वरण g पर निर्भर होता है
3. लोलक के गोलक के द्रव्यमान m पर निर्भर होता है
4. लोलक के आयाम A पर निर्भर नहीं होता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1, 2 और 3

(b) 1, 2 और 4

(c) 2, 3 और 4

(d) केवल 1 और 4

9. LASER शब्द का क्या तात्पर्य है?

(a) लाइट ऐम्प्लिफिकेशन बाइ स्टिमुलेटेड इमिशन ऑफ रेडिएशन

(b) लाइट ऐम्प्लिफिकेशन बाइ स्पॉन्टेनियस इमिशन ऑफ रेडिएशन

(c) लाइट ऐम्प्लिफिकेशन बाइ स्टिमुलेटेड इमिशन ऑफ रेज़

(d) लाइट ऐम्प्लिफिकेशन बाइ स्टिमुलेटेड एनर्जी ऑफ रेडिएशन

10. कार्बोक्सिलिक अम्लों के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. साधारण ऐलिफैटिक कार्बोक्सिलिक अम्ल जल में घुलनशील हैं।
2. उच्चतर कार्बोक्सिलिक अम्ल वास्तव में जल में अघुलनशील हैं।
3. किसी कार्बोक्सिलिक अम्ल की अम्लता हाइड्रोकार्बन शृंखला में उपस्थित कार्बन परमाणुओं की संख्या पर निर्भर होती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1

(d) 1, 2 और 3

7. Which one of the following statements about transport mechanism in plants is correct?

(a) Diffusion of ions and small molecules across cell membrane requires energy.

(b) Active transport of ions and small molecules across cell membrane against concentration gradient requires energy.

(c) Cells conserve energy and no energy is required for transport of ions and small molecules against concentration gradient.

(d) Cells do not transport ions across their membrane as these are charged molecules.

8. If the amplitude of oscillation of a simple pendulum is very small, then its time period of oscillation

1. depends on the length of the pendulum, L
2. depends on the acceleration due to gravity, g
3. depends upon the mass of the bob of the pendulum, m
4. does not depend upon the amplitude of the pendulum, A

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1, 2 and 3

(b) 1, 2 and 4

(c) 2, 3 and 4

(d) 1 and 4 only

9. The term LASER stands for

(a) Light Amplification by Stimulated Emission of Radiation

(b) Light Amplification by Spontaneous Emission of Radiation

(c) Light Amplification by Stimulated Emission of Rays

(d) Light Amplification by Stimulated Energy of Radiation

10. Which of the following statements about carboxylic acids is/are correct?

1. Simple aliphatic carboxylic acids are soluble in water.
2. Higher carboxylic acids are practically insoluble in water.
3. The acidity of a carboxylic acid depends on the number of carbon atoms present in the hydrocarbon chain.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 only

(d) 1, 2 and 3

11. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची–I (यौगिक)	सूची–II (बहुलक का प्रकार)
A. मेलैमीन	1. रेखीय (रैखिक)
B. पॉलिविनाइल क्लोराइड	2. संघनन
C. टेरीलीन	3. प्राकृतिक
D. सेलुलोस	4. तिर्यक्-बद्ध

कूट :

(a) A B C D
3 2 1 4

(b) A B C D
4 1 2 3

(c) A B C D
3 1 2 4

(d) A B C D
4 2 1 3

12. कर्क-रेखा निम्नलिखित में से किस देश से होकर गुजरती है?

(a) उत्तरी सूडान

(b) चाड

(c) माली

(d) यमन

13. निम्नलिखित में से किस नदी से गेरसोप्पा जलप्रपात बनता है?

(a) लोहित

(b) तुंगभद्रा

(c) शरावती (श्रावती)

(d) कृष्णा

14. निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रक्रम दीर्घ-तरंग विकिरण का भाग **नहीं** है?

(a) चालन

(b) प्रकीर्णन

(c) संवहन

(d) विकिरण

15. मध्य अक्षांश क्षेत्रों के मौसम में दैनिक परिवर्तन होने का कारण है

(a) ऊर्ध्वगामी वायु/संवहन

(b) अधोगामी वायु/चालन

(c) अभिवहन

(d) विकिरण

16. निम्नलिखित में से किन क्षेत्रों में झरनों का होना आम है?

1. अच्छी तरह संधित शैल
2. अधःशायी शैलों वाले शुष्क क्षेत्र
3. कार्स्ट स्थलाकृति
4. नत स्तर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 3

(b) 1, 3 और 4

(c) 2 और 4

(d) केवल 3 और 4

11. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List–I (Compound)	*List–II (Type of polymer)*
A. Melamine	1. Linear
B. Polyvinyl chloride	2. Condensation
C. Terylene	3. Natural
D. Cellulose	4. Cross-linked

Code :

(a)	A	B	C	D
	3	2	1	4
(b)	A	B	C	D
	4	1	2	3
(c)	A	B	C	D
	3	1	2	4
(d)	A	B	C	D
	4	2	1	3

12. The Tropic of Cancer passes through which one of the following countries?

(a) North Sudan

(b) Chad

(c) Mali

(d) Yemen

13. Gersoppa Falls is formed by which one of the following rivers?

(a) Lohit

(b) Tungabhadra

(c) Sharavati

(d) Krishna

14. Which one of the following processes is ***not*** a part of long-wave radiation?

(a) Conduction

(b) Scattering

(c) Convection

(d) Radiation

15. In mid-latitude regions, the diurnal variation in weather is due to

(a) raising air/convection

(b) sinking air/conduction

(c) advection

(d) radiation

16. Springs are common in which of the following areas?

1. Well jointed rocks
2. Arid areas with underlying rocks
3. Karst topography
4. Tilted strata

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 3 only

(b) 1, 3 and 4

(c) 2 and 4

(d) 3 and 4 only

17. निम्नांकित आरेख पर विचार कीजिए :



एक समबाहु त्रिभुज, 1 इकाई त्रिज्या के एक वृत्त के अंतर्गत खींचा गया है। छायित क्षेत्र का क्षेत्रफल वर्ग इकाई में क्या है?

(a) $\frac{\pi}{3} - \frac{\sqrt{3}}{4}$ *(b)* $\frac{\pi}{3} - \frac{1}{2}$

(c) $\frac{\pi}{3} - \frac{3}{4}$ *(d)* $\frac{\pi}{3} - 1$

18. किसी परीक्षा में 53% विद्यार्थी गणित में, 61% भौतिकी में, 60% रसायन में, 24% गणित और भौतिकी दोनों में, 35% भौतिकी और रसायन दोनों में, 27% गणित और रसायन दोनों में उत्तीर्ण हुए और 5% किसी भी विषय में उत्तीर्ण नहीं हुए। गणित और रसायन में उत्तीर्ण किन्तु भौतिकी में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की प्रतिशतता का अनुपात भौतिकी और रसायन में उत्तीर्ण किन्तु गणित में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की प्रतिशतता के साथ कितना है?

(a) 7 : 5 *(b)* 5 : 7

(c) 4 : 5 *(d)* 5 : 4

19. निम्नांकित आरेखों पर विचार कीजिए :



ऊपर दिए गए आरेखों में अविद्यमान संख्या निम्न में से कौन-सी है?

(a) 1 *(b)* 2

(c) 3 *(d)* 4

20. 10 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त के उस सेक्टर का क्षेत्रफल कितना होगा, जो 15 cm की लम्बाई वाले एक चाप से बना है?

(a) $10\pi \text{ cm}^2$

(b) $15\pi \text{ cm}^2$

(c) 75 cm^2

(d) 150 cm^2

21. गुणनफल

$$(x_1 + y_1)(x_2 + y_2) \ldots (x_{10} + y_{10})$$

को सरल करने पर उस प्रकार के कितने पद होंगे, जिनमें केवल एकल x हो तथा शेष y हों?

(a) 2^{10}

(b) 10

(c) 20

(d) 1

22. रक्त के तत्त्वों के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या वही होती है, जो श्वेत रक्त कोशिकाओं और पट्टिकाणुओं की होती है।

(b) श्वेत रक्त कोशिकाओं की संख्या, लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या से अधिक होती है।

(c) लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या सर्वाधिक होती है।

(d) लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या, पट्टिकाणुओं की संख्या से कम होती है।

17. Consider the following diagram :



An equilateral triangle is inscribed in a circle of radius 1 unit. The area of the shaded region, in square unit, is

(a) $\frac{\pi}{3}-\frac{\sqrt{3}}{4}$ *(b)* $\frac{\pi}{3}-\frac{1}{2}$

(c) $\frac{\pi}{3}-\frac{3}{4}$ *(d)* $\frac{\pi}{3}-1$

18. In an examination, 53% students passed in Mathematics, 61% passed in Physics, 60% passed in Chemistry, 24% passed in Mathematics and Physics, 35% in Physics and Chemistry, 27% in Mathematics and Chemistry and 5% in none. The ratio of percentage of passes in Mathematics and Chemistry but not in Physics in relation to the percentage of passes in Physics and Chemistry but not in Mathematics is

(a) 7 : 5 *(b)* 5 : 7

(c) 4 : 5 *(d)* 5 : 4

19. Consider the following diagrams :



Which one of the following is the missing number in the diagrams given above?

(a) 1 *(b)* 2

(c) 3 *(d)* 4

20. Which one of the following is the area of a sector of a circle of radius 10 cm formed by an arc length of 15 cm?

(a) $10\pi\ \text{cm}^2$

(b) $15\pi\ \text{cm}^2$

(c) $75\ \text{cm}^2$

(d) $150\ \text{cm}^2$

21. On simplification the product

$$(x_1 + y_1)(x_2 + y_2)\ldots(x_{10} + y_{10})$$

how many such terms are there which will have only single x and rest y's ?

(a) 2^{10}

(b) 10

(c) 20

(d) 1

22. Which one of the following statements about blood elements is correct?

(a) Red blood cells' number is same as that of white blood cells and platelets.

(b) The number of white blood cells is more than red blood cells.

(c) The number of red blood cells is the highest.

(d) The number of red blood cells is lower than platelets.

23. पेशियों के संकुचन और शिथिलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) इसमें Zn^{++} आयन की गति शामिल होती है।

(b) इसमें रक्त का Ca^{++} आयन शामिल होता है।

(c) इसमें पेशीद्रव्य जालिका [सार्कोप्लास्मिक रेटिकुलम (SR)] से Ca^{++} का विमुक्त होना और Ca^{++} का वापस SR में पम्प किया जाना शामिल होता है।

(d) इसमें Na और K का विनिमय शामिल होता है।

24. पाचन के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) खाद्य में उपस्थित वसा का पाचन ट्रिप्सिन और काइमोट्रिप्सिन द्वारा होता है।

(b) खाद्य के स्टार्च का पाचन लाइपेजों द्वारा होता है।

(c) खाद्य की वसा का पाचन लाइपेजों द्वारा होता है।

(d) न्यूक्लीक अम्ल का पाचन एमिलेजों द्वारा होता है।

25. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) हरे पादपों द्वारा प्रकाश-संश्लेषण में कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग कार्बोहाइड्रेट बनाने में होता है।

(b) प्रकाश-संश्लेषण के दौरान पादप, कार्बोहाइड्रेट बनाने के लिए ऑक्सीजन का उपयोग करते हैं।

(c) पादपों द्वारा उत्पन्न किया गया कार्बोहाइड्रेट मृदा से आता है।

(d) पादपों द्वारा उत्पन्न किया गया कार्बोहाइड्रेट यूरिया से आता है।

26. इंसुलिन हॉर्मोन के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) इंसुलिन एक प्रोटीन हॉर्मोन है, जो मानव शरीर में उत्पादित नहीं होता है।

(b) इंसुलिन एक स्टेरॉयड हॉर्मोन है, जो मानव शरीर में उत्पादित होता है।

(c) इंसुलिन एक कोलेस्टेरॉल-प्रेरित हॉर्मोन है, जो मानव को दिया जाता है।

(d) इंसुलिन एक प्रोटीन हॉर्मोन है, जो मानव शरीर में उत्पादित होता है।

27. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची-I (चूनापत्थर प्रदेश)	सूची-II (देश)
A. पेनीन शृंखला (पेनीन्स)	1. फ्रांस
B. यूकटान प्रायद्वीप	2. जमैका
C. कॉकपिट देश	3. ब्रिटेन
D. कॉज-समूह (कॉजेस)	4. मेक्सिको

कूट :

(a) A B C D
3 4 2 1

(b) A B C D
1 2 4 3

(c) A B C D
3 2 4 1

(d) A B C D
1 4 2 3

23. Which one of the following statements regarding muscle contraction and relaxation is correct?

(a) It involves movement of Zn^{++} ion.

(b) It involves Ca^{++} ion of blood.

(c) It involves release of Ca^{++} from sarcoplasmic reticulum (SR) and pumping Ca^{++} back in SR.

(d) It involves exchange of Na and K.

24. Which one of the following statements regarding digestion is correct?

(a) Fat present in the food is digested by trypsin and chymotrypsin.

(b) Starch of food is digested by lipases.

(c) Fat of food is digested by lipases.

(d) Nucleic acid is digested by amylases.

25. Which one of the following statements is correct?

(a) In photosynthesis by green plants, carbon dioxide is used for making carbohydrate.

(b) During photosynthesis, plants use oxygen for making carbohydrate.

(c) The carbohydrate generated by plants comes from soil.

(d) The carbohydrate generated by plants comes from urea.

26. Which one of the following statements regarding insulin hormone is correct?

(a) Insulin is a protein hormone which is not produced in human body.

(b) Insulin is a steroid hormone which is produced in human body.

(c) Insulin is a cholesterol-driven hormone given to human.

(d) Insulin is a protein hormone which is produced in human body.

27. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List–I (Limestone region)	*List–II (Country)*
A. Pennines	1. France
B. Yucatan Peninsula	2. Jamaica
C. Cockpit Country	3. Britain
D. Causses	4. Mexico

Code :

	A	B	C	D
(a)	3	4	2	1
(b)	1	2	4	3
(c)	3	2	4	1
(d)	1	4	2	3

28. निम्नलिखित में से किन शहरों में कोष्ण शीतोष्ण भूमध्यसागरीय जलवायु होती है?

1. केपटाउन
2. लॉस एंजिलीस
3. एडिलेड
4. सैन्टियागो

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 3

(d) 1, 2, 3 और 4

29. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, जनसंख्या के घनत्व के आधार पर भारतीय राज्यों का (2011 की जनगणना के अनुसार) सही अवरोही क्रम है?

(a) बिहार—केरल—उत्तर प्रदेश—पश्चिम बंगाल

(b) पश्चिम बंगाल—बिहार—केरल—उत्तर प्रदेश

(c) बिहार—पश्चिम बंगाल—केरल—उत्तर प्रदेश

(d) केरल—पश्चिम बंगाल—बिहार—उत्तर प्रदेश

30. भारत की निम्नलिखित प्रमुख नदी द्रोणियों (बेसिनों) में से कौन-सी अल्पतम लम्बाई की है और जलग्रहण क्षेत्र के आधार पर लघुतम है?

(a) कावेरी

(b) माही

(c) पेन्नार

(d) साबरमती

31. बंगाल की खाड़ी की तुलना में अरब सागर में उच्च लवणता दर्ज (रेकॉर्ड) की जाती है, क्योंकि

(a) अरब सागर वाष्पीकरण की उच्च दर तथा स्वच्छ जल का मंद अन्तर्वाह प्रदर्शित करता है

(b) अरब सागर में अगभीर (उथला) जल है

(c) अरब सागर की परिबद्ध भूमि अधिक है

(d) अरब सागर को वर्षा की अधिक प्राप्ति होती है

32. 2 बजे और 3 बजे के बीच किस समय एक घड़ी के घंटे तथा मिनट की सूइयाँ 12 मिनट के खंड से पृथक् होंगी?

(a) 2 बजकर 12 मिनट

(b) 2 बजकर 18 मिनट

(c) 2 बजकर 24 मिनट

(d) 2 बजकर 30 मिनट

33. यदि संख्या

$$2^2 \times 5^4 \times 4^6 \times 10^8 \times 6^{10} \times 15^{12} \times 8^{14} \times 20^{16} \times 10^{18} \times 25^{20}$$

10^n से विभाज्य है, तो निम्न में से n का अधिकतम मान क्या होगा?

(a) 78

(b) 85

(c) 89

(d) 98

28. Which of the following cities experience the warm temperate Mediterranean climate?

1. Cape Town
2. Los Angeles
3. Adelaide
4. Santiago

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 3 and 4 only

(c) 1, 2 and 3 only

(d) 1, 2, 3 and 4

29. Which one of the following is the correct descending order of Indian States in terms of their density of population (as per 2011 Census)?

(a) Bihar—Kerala—Uttar Pradesh —West Bengal

(b) West Bengal—Bihar—Kerala —Uttar Pradesh

(c) Bihar—West Bengal—Kerala —Uttar Pradesh

(d) Kerala—West Bengal—Bihar —Uttar Pradesh

30. Which one of the following major river basins of India is the shortest in length and smallest in terms of catchment area?

(a) Cauvery

(b) Mahi

(c) Penner

(d) Sabarmati

31. Arabian Sea records higher salinity than the Bay of Bengal because

(a) Arabian Sea exhibits high rate of evaporation and low influx of fresh-water

(b) Arabian Sea has shallow water

(c) Arabian Sea has more enclosed land

(d) Arabian Sea receives more rainfall

32. At what time between 2 o'clock and 3 o'clock will the hour and minute hands of a clock be 12 minutes division apart?

(a) 12 minutes past 2 o'clock

(b) 18 minutes past 2 o'clock

(c) 24 minutes past 2 o'clock

(d) 30 minutes past 2 o'clock

33. If the number

$$2^2 \times 5^4 \times 4^6 \times 10^8 \times 6^{10} \times 15^{12} \times 8^{14} \times 20^{16} \times 10^{18} \times 25^{20}$$

is divisible by 10^n, then which one of the following is the maximum value of n?

(a) 78

(b) 85

(c) 89

(d) 98

34. मान लीजिए कि पाँच क्रमागत विषम संख्याएँ a, b, c, d और e आरोही क्रम में हैं। निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उनका औसत $(a+4)$ है।
2. उनका औसत $(b+2)$ है।
3. उनका औसत $(e-4)$ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

35. एक राजा ने 8 kg स्वर्ण और 2 kg चाँदी से एक मुकुट बनाने का आदेश दिया। स्वर्णकार ने स्वर्ण की कुछ मात्रा को निकाल लिया और उसे उतनी ही चाँदी से बदल दिया, और 10 kg वजन का मुकुट बना दिया। राजा जानता है कि पानी में स्वर्ण अपने वजन का $\frac{1}{20}$वाँ अंश खो देता है, जबकि चाँदी $\frac{1}{10}$वाँ अंश खो देती है। जब पानी में मुकुट का वजन किया गया, तो यह 9·25 kg पाया गया। स्वर्णकार द्वारा कितना स्वर्ण चोरी किया गया था?

(a) 1 kg *(b)* 2 kg

(c) 3 kg *(d)* 4 kg

36. यदि एक घनाकार डिब्बे, जिसकी लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई प्रत्येक 10 cm है, में ठीक-ठीक 1 लीटर पानी आ सकता है, तो 10·5 cm त्रिज्या वाले एक गोलाकार डिब्बे में कितना पानी आ सकता है?

(a) 4 लीटर से अधिक नहीं

(b) 4 लीटर से अधिक परंतु 4·5 लीटर से कम

(c) 4·5 लीटर से अधिक परंतु 5 लीटर से कम

(d) 5 लीटर से अधिक

37. निम्नलिखित में से किस स्थान पर प्रवाल-भित्ति विरचन **नहीं** है?

(a) कैम्बे/खम्भात की खाड़ी

(b) मन्नार की खाड़ी

(c) लक्षद्वीप

(d) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह

38. गरान (मैंग्रोव) स्थलों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-से उपयुक्त हैं?

1. मैंग्रोव पादपों को लवणीय और स्वच्छ जल के उपयुक्त मिश्रण की आवश्यकता होती है।
2. मैंग्रोव पादपों को वृद्धि और विकास के लिए पंक मैदान की आवश्यकता होती है।
3. मैंग्रोव पादप सुरक्षित आड़ वाले तटों के अन्तराज्वारीय क्षेत्रों में पाये जाते हैं।
4. मैंग्रोव वनस्पति, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह सहित सभी तटीय राज्यों में रिपोर्ट की गयी है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

39. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?

(a) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी : फुर्सतगंज

(b) राष्ट्रीय उड़ान प्रशिक्षण संस्थान : बेलगाम

(c) राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान : रुड़की

(d) राष्ट्रीय जल अकादमी (मुख्यालय) : खडकवासला

34. Suppose a, b, c, d and e are five consecutive odd numbers in ascending order. Consider the following statements :

1. Their average is $(a+4)$.
2. Their average is $(b+2)$.
3. Their average is $(e-4)$.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

35. A king ordered to make a crown from 8 kg of gold and 2 kg of silver. The goldsmith took away some amount of gold and replaced it by an equal amount of silver and the crown when made, weighed 10 kg. The king knows that under water gold loses $\frac{1}{20}$th of its weight, while silver loses $\frac{1}{10}$th. When the crown was weighed under water, it was 9·25 kg. How much gold was stolen by the goldsmith?

(a) 1 kg *(b)* 2 kg

(c) 3 kg *(d)* 4 kg

36. If a cubical container of length, breadth and height each of 10 cm can contain exactly 1 litre of water, then a spherical container of radius 10·5 cm can contain

(a) not more than 4 litres of water

(b) more than 4 litres but less than 4·5 litres of water

(c) more than 4·5 litres but less than 5 litres of water

(d) more than 5 litres of water

37. Which one of the following sites does ***not*** have coral reef formation?

(a) Gulf of Cambay/Khambhat

(b) Gulf of Mannar

(c) Lakshadweep

(d) Andaman and Nicobar Islands

38. Which of the following statements are appropriate to Mangrove Sites?

1. Mangrove plants require appropriate mix of saline water and freshwater.
2. Mangrove plants require mudflats to enable it to grow and develop.
3. Mangrove plants are found in the inter-tidal zones of sheltered coasts.
4. Mangrove vegetation has been reported in all the coastal States including Andaman and Nicobar Islands.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 2, 3 and 4 only

(c) 1, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

39. Which one of the following pairs is ***not*** correctly matched?

(a) Indira Gandhi Rashtriya Uran Akademi : Fursatganj

(b) National Flying Training Institute : Belgaum

(c) National Institute of Hydrology : Roorkee

(d) National Water Academy (Headquarters) : Khadakwasla

40. वायुमंडल के निम्नलिखित में से किस स्तर में निम्नतम तापमान अवलोकित/दर्ज किया गया है?

(a) समतापमंडल

(b) मध्यमंडल

(c) बाह्य वायुमंडल

(d) क्षोभमंडल

41. निम्नलिखित में से कौन-सी महासागर धारा कोष्ण (उष्ण) धारा **नहीं** है?

(a) उत्तर पैसिफिक

(b) फॉकलैंड

(c) उत्तर भूमध्यरेखीय

(d) कैनरी

42. प्रथम 100 धन पूर्णांकों का गुणनफल जब 6^n से विभाज्य हो, तो n (धन पूर्णांक) का महत्तम मान क्या होगा?

(a) 18 (b) 33

(c) 44 (d) 48

43. 3 बजकर 10 मिनट पर किसी घड़ी के घंटे की सूई और मिनट की सूई के बीच का कोण होता है

(a) 30° (b) 35°

(c) 37·5° (d) 40°

44. एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 65 व्यक्ति उपस्थित हुए। वे सभी अंग्रेजी, फ्रेंच और जर्मन में से कम-से-कम एक भाषा में बोलते हैं। मान लीजिए 15 व्यक्ति अंग्रेजी और फ्रेंच बोलते हैं, 13 व्यक्ति अंग्रेजी और जर्मन बोलते हैं, 12 व्यक्ति फ्रेंच और जर्मन बोलते हैं और 5 व्यक्ति तीनों भाषाओं में बोलते हैं। संपूर्ण रूप से 30 व्यक्ति जर्मन बोल सकते हैं और 30 व्यक्ति फ्रेंच बोल सकते हैं। उन व्यक्तियों की संख्या कितनी है, जो केवल अंग्रेजी ही बोल सकते हैं?

(a) 17 (b) 20

(c) 22 (d) 40

45. मान लीजिए $72 = m \times n$ है, जहाँ m और n धनात्मक पूर्णांक इस प्रकार हैं कि $1 < m < n$ है। यहाँ m के कितने संभावित मान हो सकते हैं?

(a) 5 (b) 6

(c) 10 (d) 12

46. मान लीजिए x, y, z तीन धनात्मक पूर्णांक इस प्रकार हैं कि $x \leq y \leq z$ और $xyz = 72$ है। S के निम्नलिखित मानों में से कौन-सा एक, समीकरण $x + y + z = S$ का एक से अधिक हल देता है?

(a) 13 (b) 14

(c) 15 (d) 16

47. 10^{20} को 7 से विभाजित करने पर निम्न में से कौन-सा एक शेषफल होगा?

(a) 1 (b) 2

(c) 4 (d) 6

48. निम्नलिखित में से कौन-सा एक विषमदैशिक स्वरूप का है?

(a) काँच

(b) रबर

(c) प्लास्टिक

(d) स्फटिक (क्वार्ट्ज)

49. निम्नलिखित में से कौन-सा एक संघनन बहुलक **नहीं** है?

(a) नायलॉन

(b) DNA

(c) पॉलिथीन

(d) बेकेलाइट

50. जिन ज्वारों की ऊँचाई सामान्य ज्वार से 20 प्रतिशत अधिक होती है, उन्हें क्या कहते हैं?

(a) बृहत् ज्वार-भाटा

(b) लघु ज्वार-भाटा

(c) अपभू और भूमिनीच ज्वार

(d) दैनिक और अर्ध-दैनिक ज्वार

40. The lowest temperature is observed/recorded in which one of the following layers of the atmosphere?

(a) Stratosphere
(b) Mesosphere
(c) Thermosphere
(d) Troposphere

41. Which one of the following ocean currents is **not** a warm current?

(a) North Pacific
(b) Falkland
(c) North Equatorial
(d) Canary

42. What is the largest value for n (natural number) such that 6^n divides the product of the first 100 natural numbers?

(a) 18 (b) 33
(c) 44 (d) 48

43. The angle between the hour hand and the minute hand of a clock at 10 minutes past 3 is

(a) 30° (b) 35°
(c) 37·5° (d) 40°

44. An international conference is attended by 65 people. They all speak at least one of English, French and German language. Suppose 15 speak English and French, 13 speak English and German, 12 speak French and German and 5 speak all the three languages. A total of 30 people can speak German and 30 can speak French. What is the number of people who can speak only English?

(a) 17 (b) 20
(c) 22 (d) 40

45. Suppose $72 = m \times n$, where m and n are positive integers such that $1 < m < n$. How many possible values of m are there?

(a) 5 (b) 6
(c) 10 (d) 12

46. Suppose x, y, z are three positive integers such that $x \leq y \leq z$ and $xyz = 72$. Which one of the following values of S yields more than one solution to the equation $x + y + z = S$?

(a) 13 (b) 14
(c) 15 (d) 16

47. Which one of the following is the remainder when 10^{20} is divided by 7?

(a) 1 (b) 2
(c) 4 (d) 6

48. Which one of the following is anisotropic in nature?

(a) Glass
(b) Rubber
(c) Plastic
(d) Quartz

49. Which one of the following is **not** a condensation polymer?

(a) Nylon
(b) DNA
(c) Polythene
(d) Bakelite

50. The tides whose height is 20 percent more than normal tide are called

(a) spring tides
(b) neap tides
(c) apogean and perigean tides
(d) daily and semi-diurnal tides

51. उष्णकटिबंधीय चक्रवात के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. यह कोष्ण महासागरी पृष्ठ पर उद्भूत और विकसित होता है।
2. कोरिऑलिस बल की विद्यमानता इसके लिए आवश्यक होती है।
3. यह मध्य अक्षांशीय क्षेत्र में घटित होता है।
4. यह शांत और अवरोही वायु दशा में 'अक्षि (आइ)' विकसित कर लेता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 4

(c) केवल 3 और 4

(d) 2, 3 और 4

52. जैव विविधता तप्त स्थलों (हॉट स्पॉट) के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. जैव विविधता तप्त स्थलों की पहचान अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (इंटरनैशनल यूनियन फॉर कंजरवेशन ऑफ नेचर ऐंड नैचुरल रिसोर्सेज अर्थात् IUCN) द्वारा की गयी है।
2. जैव विविधता तप्त स्थलों को उनकी वनस्पति के अनुसार परिभाषित किया गया है।
3. भारत में, पूर्वी घाट और पश्चिमी हिमालय जैव विविधता के तप्त स्थल हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1

53. निम्नलिखित में से कौन-सा एक आग्नेय चट्टान **नहीं** है?

(a) ग्रेनाइट

(b) नाइस

(c) झाँवाँ

(d) बेसाल्ट

54. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी पश्चिम की ओर बहती है?

(a) गोदावरी

(b) पेरियार

(c) तुंगभद्रा

(d) कावेरी

55. एक समबाहु त्रिभुज ABC पर विचार कीजिए जैसा कि निम्नांकित आरेख में दिया गया है :



दो व्यक्ति एक ही समय में बिन्दु A और B से क्रमशः 30 km प्रति घंटा और 20 km प्रति घंटा की चाल से चलते हैं, और त्रिभुज की भुजाओं पर दक्षिणावर्त्त दिशा में बढ़ते हैं। वे पहली बार एक-दूसरे से मिलेंगे

(a) बिन्दु C पर

(b) C और A के बीच एक बिन्दु पर

(c) A और B के बीच एक बिन्दु पर

(d) बिन्दु A पर

51. Which of the following statements about tropical cyclone are correct?

1. It originates and develops over warm oceanic surface.
2. Presence of Coriolis force is necessary for it.
3. It occurs in middle latitudinal region.
4. It develops 'eye' with calm and descending air condition.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 4

(c) 3 and 4 only

(d) 2, 3 and 4

52. Which of the following statements about biodiversity hot spots is/are correct?

1. Biodiversity hot spots are identified by the International Union for Conservation of Nature and Natural Resources (IUCN).
2. Biodiversity hot spots are defined according to their vegetation.
3. In India, Eastern Ghats and Western Himalaya are the biodiversity hot spots.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 1 only

53. Which one of the following is ***not*** an igneous rock?

(a) Granite

(b) Gneiss

(c) Pumice

(d) Basalt

54. Which one of the following rivers is west-flowing?

(a) Godavari

(b) Periyar

(c) Tungabhadra

(d) Cauvery

55. Consider an equilateral triangle *ABC* as given in the following diagram :



Two people start at the same time from points *A* and *B* with speeds 30 km per hour and 20 km per hour respectively, and move on the sides of the triangle in the clockwise direction. They meet each other for the first time at

(a) point *C*

(b) a point between *C* and *A*

(c) a point between *A* and *B*

(d) point *A*

56. 3 लड़कों और 2 लड़कियों को एक पंक्ति में कितने प्रकार से क्रमबद्ध किया जा सकता है कि 2 लड़कियाँ एक-दूसरे के क्रमवार (साथ-साथ) ही पंक्ति में रहें?

(a) 12

(b) 24

(c) 48

(d) 120

57. एक व्यक्ति की आयु और उसके पुत्र की आयु का अनुपात 3 : 1 है। 15 वर्ष पश्चात्, उनकी आयु का अनुपात 2 : 1 हो जाएगा। उस व्यक्ति की आयु कितनी है?

(a) 45 वर्ष

(b) 40 वर्ष

(c) 35 वर्ष

(d) 30 वर्ष

58. 8 फुट की दूरी पर दो खंभे ऊर्ध्वाधर खड़े हैं। इन खंभों की ऊँचाइयों का अंतर 6 फुट है। 15 फुट लम्बाई की एक रस्सी के दो सिरों को दोनों खंभों की नोकों (सिरों) से बाँधा गया है। अधिक ऊँचाई वाले खंभे की लम्बाई का वह भाग कितना है, जो खंभों से रस्सी को खींचे (अलग किये) बिना रस्सी के स्पर्श में रहे?

(a) 6 फुट से कम

(b) 6 फुट से अधिक, किन्तु 7 फुट से कम

(c) 7 फुट से अधिक, किन्तु 8 फुट से कम

(d) 8 फुट से अधिक

निर्देश :

निम्नलिखित **आठ (8)** प्रश्नांशों में दो कथन हैं, कथन I तथा कथन II. इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

कूट :

(a) दोनों कथन अलग-अलग सही हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है

(b) दोनों कथन अलग-अलग सही हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण **नहीं** है

(c) कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है

(d) कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है

59. कथन I :

ध्वनि तरंगें निर्वात में से गुजर सकती हैं।

कथन II :

प्रकाश एक विद्युत्-चुम्बकीय तरंग है और यह निर्वात में से गुजर सकता है।

60. कथन I :

विद्युत्-धारा प्रवाह वाले एक तार के समीप रखे गए एक कम्पास (दिक्सूचक) की सूई मुड़ (झुक) जाएगी।

कथन II :

विद्युत्-धारा प्रवाह वाला एक तार अपने चारों ओर चुम्बकीय क्षेत्र बनाता है।

56. The number of ways in which 3 boys and 2 girls can be arranged in a queue, given that the 2 girls have to be next to each other, is

(a) 12

(b) 24

(c) 48

(d) 120

57. The ratio of ages of a man and his son is 3 : 1. After 15 years, the age ratio will be 2 : 1. What is the age of the man?

(a) 45 years

(b) 40 years

(c) 35 years

(d) 30 years

58. Two pillars are placed vertically 8 feet apart. The height difference of the two pillars is 6 feet. The two ends of a rope of length 15 feet are tied to the tips of the two pillars. The portion of the length of the taller pillar that can be brought in contact with the rope without detaching the rope from the pillars is

(a) less than 6 feet

(b) more than 6 feet but less than 7 feet

(c) more than 7 feet but less than 8 feet

(d) more than 8 feet

Directions :

The following **eight (8)** items consist of two statements, Statement I and Statement II. Examine these two statements carefully and select the correct answer using the code given below.

Code :

(a) Both the statements are individually true and Statement II is the correct explanation of Statement I

(b) Both the statements are individually true but Statement II is ***not*** the correct explanation of Statement I

(c) Statement I is true but Statement II is false

(d) Statement I is false but Statement II is true

59. Statement I :

Sound waves can travel through vacuum.

Statement II :

Light is an electromagnetic wave and can travel through vacuum.

60. Statement I :

A compass needle placed near a current-carrying wire will get deflected.

Statement II :

A current-carrying wire creates magnetic field around it.

61. कथन I :

प्राचीन समाजों के आभिजात्य (विशिष्ट वर्ग के) परिवारों के बारे में इतिहासवेत्ता अधिकतर अभिलेखों से सूचनाएँ प्राप्त करते हैं।

कथन II :

सातवाहन अभिलेख प्रायः एक प्राकृत पद 'पुत्र' से पूर्ण या समाप्त होते हैं, जिसका अर्थ है 'बेटा'।

62. कथन I :

1856 में नवाब वाज़िद अली शाह को, उनके क्षेत्र में कुशासन होने के तर्क पर, गद्दी से उतारकर कलकत्ता निर्वासित कर दिया गया था।

कथन II :

नवाब पर यह अभियोग था कि वे विद्रोही मुखिया और तालुकदारों पर नियंत्रण पाने में असमर्थ रहे।

63. कथन I :

महात्मा गाँधी ब्रिटिश सरकार द्वारा घोषित साम्प्रदायिक अधिनिर्णय के खिलाफ आमरण अनशन पर चले गये।

कथन II :

पूना समझौता का परिणाम एक संयुक्त निर्वाचक-मंडल के रूप में सामने आया, जिसमें दलित वर्गों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या बढ़ गयी थी।

64. कथन I :

भारत में राज्य सभा के बहुसंख्य सदस्यों का निर्वाचन राज्य विधान-मंडलों के निर्वाचित सदस्यों द्वारा किया जाता है।

कथन II :

राज्य सभा के जो सदस्य राज्य विधानसभाओं से निर्वाचित होते हैं, वे उस संबंधित राज्य के अधिवासी होने चाहिए।

65. कथन I :

स्थायी बंदोबस्त (परमानेंट सेटलमेंट) बंगाल के परे किसी अन्य क्षेत्र में विरले ही बढ़ाया गया।

कथन II :

1810 के बाद कृषि-संबंधी कीमतों में गिरावट आयी जिससे बंगाल के ज़मींदारों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

66. कथन I :

20वीं शताब्दी के आरंभ में एक नयी संकर वास्तुशिल्प शैली विकसित हुई, जिसमें भारतीय शैली के साथ यूरोपीय शैली का संयोजन था।

कथन II :

लोक वास्तुशिल्प में भारतीय और यूरोपीय शैली का एकीकरण करके अंग्रेज यह सिद्ध करना चाहते थे कि वे भारत के वैध शासक हैं।

67. 19वीं शताब्दी के प्रारंभ में ब्रिटिशकालीन भारत के नगर नियोजन के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. नगरों की उन्नति के लिए धन सार्वजनिक लॉटरी के द्वारा भी एकत्र किया जाता था।
2. 19वीं शताब्दी के प्रारंभिक दशकों में महामारी की आशंकाओं ने नगर नियोजन को बढ़ावा दिया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

61. Statement I :

For early societies, historians retrieve information about elite families mostly from inscriptions.

Statement II :

Satavahana inscriptions generally end with the term *Putra*, a Prakrit word meaning 'son'.

62. Statement I :

In 1856, Nawab Wajid Ali Shah was dethroned and exiled to Calcutta on the plea that the region was being misgoverned.

Statement II :

The Nawab was accused of being unable to control the rebellious chiefs and Taluqdars.

63. Statement I :

Mahatma Gandhi went on a fast unto death against the Communal Award announced by the British Government.

Statement II :

The Poona Pact resulted in a joint electorate with an enhanced number of seats reserved for Depressed Classes.

64. Statement I :

In India, a majority of the members of the Rajya Sabha are elected by the elected members of the State Legislatures.

Statement II :

Members of the Rajya Sabha elected by the State Legislative Assemblies need to have their domicile in the concerned State.

65. Statement I :

The Permanent Settlement was rarely extended to any region beyond Bengal.

Statement II :

After 1810, the agricultural prices declined affecting adversely the income of the Bengal Zamindars.

66. Statement I :

Towards the beginning of the 20th century, a new hybrid architectural style developed which combined the Indian with the European.

Statement II :

By integrating Indian and European styles in public architecture, the British wanted to prove that they were legitimate rulers of India.

67. Which of the following statements about town planning in British India in early 19th century is/are correct?

1. The funds for town improvement were also raised through public lotteries.
2. The threats of epidemics gave an impetus to town planning in the early decades of 19th century.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

68. भारत की स्वतंत्रता के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. 15 अगस्त, 1947 को भारत की स्वतंत्रता की सूचना देते हुए शक्ति के औपचारिक हस्तांतरण की घोषणा लॉर्ड माउंटबेटन द्वारा की गई थी।
2. 15 अगस्त, 1947 को राजधानी में हुए उत्सवों में महात्मा गाँधी उपस्थित नहीं थे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

69. काँग्रेस में इनमें से किसने समाजवादी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व किया था?

(a) राजेन्द्र प्रसाद

(b) नरेन्द्र देव

(c) मौलाना आज़ाद

(d) सरदार पटेल

70. निम्नलिखित में से किसके माध्यम से सिक्किम भारत संघ का सहराज्य बना?

(a) 36वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1975

(b) 7वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1956

(c) 35वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1974

(d) 5वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1955

71. निम्नलिखित में से कौन-सा एक निर्णय, उच्चतर न्यायपालिका में नियुक्ति और स्थानांतरण को लेकर भारत के मुख्य न्यायमूर्ति और न्यायाधीशों के अधिशासी-मंडल की प्रधानता के साथ जुड़ा हुआ है?

(a) केशवानंद भारती **बनाम** केरल राज्य (स्टेट)

(b) एस० पी० गुप्ता **बनाम** भारत का राष्ट्रपति

(c) मेनका गाँधी **बनाम** भारत संघ

(d) एस० आर० बोम्मई **बनाम** भारत संघ

72. निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन ने संसद के सदनों/राज्य विधान-मंडलों के अध्यक्ष/सभापतियों की शक्तियों को बहुत सशक्त किया है?

(a) 61वाँ संशोधन, जिसमें मतदान करने की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गयी

